# रस

1. किस रस का स्थायी भाव रति है :
(a) भक्ति रस (b) शृंगार रस
(c) दोनों का (d) दोनों का नहीं

2. हिन्दी काव्य–रसों की कुल संख्या है
(a) ग्यारह (b) दस
(c) नौ (d) आठ

3. 'यशोदा हरि पालनैं झुलावैं।
हलरावैं दुलराय मल्हावैं
जोइ सोई कछु गावैं।।"
इस अवतरण में कौन–सा रस है?
(a) श्ृंगार रस (b) वात्सल्य रस
(c) शांत रस (d) करुण रस

4. 'उत्साह' स्थायीभाव से किस रस की निष्पत्ति होती है?
(a) शांत रस (b) भयानक रस
(c) रौद्र रस (d) वीर रस

5. गुरु गोविंद तो एक है, दूजा यह आकार।
आपा मेटि जीवति मरै, तो पावे करतार।।'
उपर्युक्त दोहे में किस रस का परिपाक हुआ है?
(a) श्ृंगार रस (b) करुण रस
(c) अद्‌भुत रस (d) शांत रस

6. रौद्र रस का स्थायी भाव है
(a) क्रोध रस (b) विस्मय रस
(c) शोक रस (d) भय रस

7. 'शोक' किस रस का स्थायी भाव है?
(a) शांत रस (b) करुण रस
(c) हास्य रस (d) वीर रस

8. किस रस को 'रसराज' कहा जाता है?
(a) श्ृंगार रस (b) वीर रस
(c) हास्य रस (d) उपरोक्त में कोई नहीं

9. 'अब लौ नसानी अब न नसैहों में कौन सा रस है?
(a) शांत रस (b) करुण रस
(c) भक्ति रस (d) अद्‌भुत रस

10. स्थायी भावों की कुल संख्या है –
(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

11. शांत रस का स्थायी भाव क्या है?
(a) जुगुप्सा रस (b) क्रोध रस
(c) शोक रस (d) निर्वेद रस

12. श्ृंगार रस का स्थायी भाव क्या है?
(a) उत्साह रस (b) शोक रस
(c) हास रस (d) रति रस

13. विस्मय स्थायी भाव किस रस में होता है?
(a) हास्य रस (b) शांत रस
(c) अद्‌भुत रस (d) वीभत्स रस

14. सर्वश्रेष्ठ रस किसे माना जाता है?
(a) रौद्र रस (b) श्ृंगार रस
(c) करुण रस (d) वीर रस

15. कवि बिहारी मुख्यतः किस रस के कवि हैं?
(a) करुण रस (b) भक्ति रस
(c) श्ृंगार रस (d) वीर रस

16. मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।
इन पंक्तियों में कौन–सा रस है?
(a) शांत रस (b) श्ृंगार रस
(c) करुण रस (d) हास्य रस

17. शोभित कर नवनीत लिए
घुटरुनि चलत रेनु तन मण्डित
मुख दधि लेप किए।
इन पंक्तियों में कौन–सा रस है?
(a) श्ृंगार रस (b) हास्य रस
(c) करुण रस (d) वात्सल्य रस

18. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' किसका कथन है?
(a) विश्वनाथ (b) राजशेखर
(c) श्री हर्ष (d) भास

19. संचारी भावों की संख्या है –
(a) 9 (b) 33
(c) 16 (d) 99

20. भरतमुनि के रससूत्र में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं है?
(a) स्थायी भाव (b) शांत
(c) अनुभाव (d) व्यभिचारी भाव

21. भरतमुनि के अनुसार रसों की संख्या है :
(a) आठ (b) नौ
(c) ग्यारह (d) दस

22. जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण करके चले जाते हैं, उन्हें कहा जाता है –
(a) संचारी भाव (b) अनुभाव
(c) स्थायीभाव (d) विभाव

23. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन–सा रस है?
'एक ओर अजगरहि लखि, एक ओर मृगराय।
विकल बटोही बीच ही, परयों मूरछा खाय।।'
(a) भयानक (b) करुण
(c) शांत (d) भक्ति

24. अँखिया हरि दरसन की भूखी।।
कैसे रहे रुप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रुखीं।
उपयुक्त पंक्तियों में कौन–सा रस है?
(a) वीर रस (b) वियोग श्ृंगार रस
(c) शांत रस (d) संयोग श्ृंगार रस

25. अमर्ष क्या है?
(a) एक काव्य दोष (b) एक संचारी भाव
(c) एक काव्य गुण (d) एक अलंकार

26. मन रे तन कागद का पुतला
लागैं बूँद बिनसि जाए छिन में,
गरब करे क्या इतना।।
इन पंक्तियों में कौन–सा रस है?
(a) भक्ति रस (b) श्ृंगार रस
(c) करुण रस (d) शांत रस

27. भरतमुनि ने 'रस सूत्र' का विवेचन अपने किस ग्रन्थ में किया है?
(a) नाटयदर्पण (b) नाटयशास्त्र
(c) ह्रदयदर्पण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. वाणी और अंगों के अभिनय द्वारा जिनसे प्रकट हो, वे हैं –
(a) संचारी भाव (b) विभाव
(c) अनुभाव (d) भाव

**29.** आचार्य देव ने किस भाव को चौतीसवाँ संचारी भाव कहा है?
(a) छल (b) स्मृति
(c) पुलक (d) रोमांच

**30.** 'वीरो का कैसा हो बसन्त' में किस रस की सृष्टि हुई है?
(a) वीर रस (b) शृंगार रस
(c) अद्भुत रस (d) वीभत्स रस

**31.** किस रस का संचारी भाव उग्रता, गर्व, हर्ष आदि है?
(a) शृंगार (b) वीर
(c) वात्सल्य (d) रौद्र

**32.** "राम को रुप निहारति जानकी कंकन के नग की परिछाँहि।"
उपर्युक्त पंक्ति में कौन–सा रस है?
(a) हास्य (b) करुण
(c) शान्त (d) शृंगार

**33.** विप्रलम्भ शृंगार में वियोग की कितनी दशाएँ मानी गयी हैं?
(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 16

**34.** किस रस का संचारी उद्दीपन विभाव बादल की घटाएँ, कोयल का बोलना, बसन्त ऋतु आदि होते हैं?
(a) शृंगार (b) वात्सल्य
(c) अद्भुत (d) शान्त

**35.** "राग है कि, रुप है कि
रस है कि, जस है कि,
तन है कि, मन है कि
प्राण है कि, प्यारी है"
उपर्युक्त पंक्तियों में रस है –
(a) शृंगार (b) वात्सल्य
(c) अद्भुत (d) शान्त

**36.** दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज जो नहीं कही।
उपर्युक्त पंक्ति में कौन–सा रस है?
(a) करुण रस (b) शृंगार रस
(c) अद्भुत रस (d) वीभत्स रस

**37.** "अभी तो मुकुट बंधा था माथ,
हुए कल ही हल्दी के हाथ,
खुले भी न थे लाज के बोल,
खिले थे चुम्बन–शून्य कपोल,
हाय रुक गया यही संसार
बना सिन्दूर अनल अंगार
वातहत लतिका वह सुकुमार
पड़ी है छिन्नाधार।"
में निहित रस है –
(a) शान्त (b) संयोग शृंगार
(c) करुण (d) वियोग शृंगार

# ANSWER KEY

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (b) | 4. (d) | 5. (d) | 6. (a) | 7. (b) | 8. (a) |
| 9. (a) | 10. (a) | 11. (d) | 12. (d) | 13. (c) | 14. (b) | 15. (c) | 16. (b) |
| 17. (d) | 18. (a) | 19. (b) | 20. (a) | 21. (a) | 22. (a) | 23. (a) | 24. (b) |
| 25. (b) | 26. (d) | 27. (b) | 28. (c) | 29. (a) | 30. (a) | 31. (b) | 32. (d) |
| 33. (a) | 34. (a) | 35. (a) | 36. (a) | 37. (c) | | | |

EduFull.com